श्रीरामतीर्थविरचितदीपिकासमेता

मैत्र्युपनिषद्

कुलपतेः प्रो. राममूर्तिशर्मणः प्रस्तावनया विभूषिता

हिन्दी-व्याख्याकारः सम्पादकश्च

डॉ. ओमप्रकाशपाण्डेयः

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः, वाराणसी

सम्पूर्णानन्द-
संस्कृत-
विश्वविद्यालयः

श्रीरामतीर्थविरचितदीपिकासमेता

मैत्र्युपनिषद्

गङ्गानाथझा-ग्रन्थमाला

[१८]

श्रीरामतीर्थविरचितदीपिकासमेता

मैत्र्युपनिषद्

कुलपतेः प्रो. राममूर्तिशर्मणः प्रस्तावनया विभूषिता

हिन्दी-व्याख्याकारः सम्पादकश्च

डॉ. ओमप्रकाशपाण्डेयः

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः

वाराणसी

ग०ना०
ग्र०मा०
[१८]

मैत्र्युपनिषद्

मूल्यम्
१८०.००

GAṄGĀNĀTHAJHĀ-GRANTHAMĀLĀ

[Vol. 18]

MAITRYUPANIṢAD

With the Commentary

DĪPIKĀ

By

ŚRĪ RĀMATĪRTHA

With the Hindi Commentary

By

PROF. OMAPRAKĀŚA PĀṆḌEYA

FOREWORD BY

PROF. RAMMURTI SHARMA

VICE-CHANCELLOR

EDITED BY

PROF. OMAPRAKĀŚA PĀṆḌEYA
Professor, Sanskrit and Prakrit Department
Lucknow University, Lucknow

VARANASI

2001

ISBN : 81-7270-054-7

Research Publication Supervisor—
Director, Research Institute
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi.

❒

Published by—
Dr. Harish Chandra Mani Tripathi
Director, Publication Institute
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

❒

Available at—
Sales Department,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

❒

First Edition, 500 Copies

Price : Rs. 180.00

❒

Printed by—
Shreejee Computer Printers
Nati Imli, Varanasi-221 001
E-mail : Shreejeeprint@hotmail.com

गङ्गानाथझा-ग्रन्थमाला
[१८]

श्रीरामतीर्थविरचितदीपिकासमेता

मैत्र्युपनिषद्

कुलपते: प्रो. राममूर्तिशर्मण: प्रस्तावनया विभूषिता

हिन्दी-व्याख्याकारः सम्पादकश्च

प्रो. ओमप्रकाशपाण्डेयः

आचार्यः, संस्कृत एवं प्राकृतविभागस्य
लखनऊ-विश्वविद्यालये, लखनऊ

वाराणस्याम्

२०५८ तमे वैक्रमाब्दे   १९२३ तमे शकाब्दे   २००१ तमे खैस्ताब्दे

ISBN : 81-7270-054-7

अनुसन्धान-प्रकाशन-पर्यवेक्षक: —
निदेशकः, अनुसन्धान-संस्थानस्य
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालये
वाराणसी।

❐

प्रकाशक: —
डॉ. हरिश्चन्द्रमणित्रिपाठी
निदेशकः, प्रकाशन-संस्थानस्य
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालये
वाराणसी-२२१००२

❐

प्राप्ति-स्थानम् —
विक्रय-विभागः,
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयस्य
वाराणसी-२२१००२

❐

प्रथमं संस्करणम् – ५०० प्रतिरूपाणि

मूल्यम् – १८०.०० रूप्यकाणि

❐

मुद्रक :—
श्रीजी कम्प्यूटर प्रिण्टर्स
नाटी इमली, वाराणसी-२२१००१

प्रस्तावना

लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राकृत-विभाग के आचार्य **प्रो. ओम प्रकाश पाण्डेय** द्वारा हिन्दी-भाषा में व्याख्यात एवं सम्पादित पुस्तक **'मैत्र्युपनिषद्'** का मैंने विधिवत् अवलोकन किया। इस ग्रन्थ पर प्रस्तावना लिखते हुए मुझे हर्षानुभूति हो रही है। मैत्र्युपनिषद् की भाषा एवं तत्त्वप्रतिपादन शैली ने परवर्ती अनेकानेक उपनिषदों के विकास में अपने-अपने ढ़ंग से योगदान किया है। यद्यपि आदि शङ्कराचार्य ने इस उपनिषद् पर भाष्य नहीं लिखा है; किन्तु उसकी पुङ्खानुपुङ्खरूपेण प्रतिपूर्ति **श्री रामतीर्थाचार्य** द्वारा विरचित **'दीपिका'** टीका ने कर दी है। आचार्य श्रीरामतीर्थ निश्चय ही औपनिषदिक-वाङ्मय के मूर्धन्यतम व्याख्याता हुए हैं। उन्होंने मैत्र्युपनिषद् की दीपिका-व्याख्या में वैदिक संहिताओं, ब्राह्मणग्रन्थों, आरण्यकग्रन्थों एवं उपनिषद्-ग्रन्थों की सुदीर्घ परम्पराओं को आत्मसात् करते हुए सहज, सुबोध एवं प्रामाणिक समन्वय स्थापित किया है।

यहाँ मैत्र्युपनिषद् के एक मन्त्र एवं उसकी दीपिका-व्याख्या के अंश को प्रस्तुत करने का लोभ संवरण नहीं कर पा रहा हूँ। मन्त्र और उसकी व्याख्या अवलोकनीय है—

''अथ भर्ग इति यो ह वा अमुष्मिन्नादित्ये
निहितस्तारकोऽक्षिणि वैष भर्गाख्यः''॥ (मै.उ.,पृ. ८९)

'अथ पदविशेषार्थ उच्यते भर्ग इति कोऽर्थोऽयमेव यो ह य एव वै 'य आदित्ये तिष्ठन्' 'यश्चक्षुषि तिष्ठन्' इति च श्रुत्यन्तर-प्रसिद्धोऽमुष्मिन्नादित्ये मण्डलात्मनि निहितः सन्निहितस्तथाऽक्षिणि

चक्षुर्मण्डले वा यस्तारक: कृष्णतारकोपलक्षितोऽन्तर्यामी देवो भर्गाख्य इति' (दीपिकायाम्, पृ. ८९)।

इस उद्धरण में मैत्र्युपनिषद् के गूढ़तम रहस्यों का दीपिका-व्याख्या में प्रस्फुटन हुआ है, जो विषय की गूढ़ता को सहजता में परिवर्तित करता है।

प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय ने अपनी हृदयग्राहिणी हिन्दी-व्याख्या में 'मैत्र्युपनिषद्' एवं दीपिका-व्याख्या के मर्म को उद्घाटित करते हुए इस आर्ष- वाङ्मय को लोकवाणी में विवृत किया है। यह अत्यन्त हर्ष की बात है कि प्रो. पाण्डेय ने अनेक पाण्डुलिपियों के आधार पर, जिनमें इस विश्वविद्यालय के सरस्वतीभवन-पुस्तकालय की हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ भी सम्मिलित हैं, प्रस्तुत संस्करण को तैयार किया है, जिसके फलस्वरूप चिरकाल से अनुपलब्ध मैत्र्युपनिषद् व्याख्या से संवलित होकर लोकगोचर हुई है। एतदर्थ मैं प्रो. पाण्डेय को हार्दिक धन्यवाद प्रदान करता हूँ, जिन्होंने आर्ष औपनिषदिक वाङ्मय की व्याख्या एवं सम्पादन में अपनी विलक्षण प्रतिभा को रूपायित किया है।

वस्तुत: उपनिषद् वाङ्मय भारतीय 'अस्मिता' की निधि हैं। इस तथ्य की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट कराते हुए **डॉ. राधाकृष्णन्** ने लिखा है—

''उपनिषदों को जो भी मूल संस्कृत में पढ़ता है, वह मानव-आत्मा और परम सत्य के गुह्य और पवित्र सम्बन्धों को उजागर करने वाले उनके बहुत-से उद्गारों के उत्कर्ष, काव्य और प्रबल सम्मोहन से मुग्ध हो जाता है और उसमें बहने लगता है। हम जब उन्हें पढ़ते हैं, तो इन चरम प्रश्नों से जूझने वाले व्यक्तियों के मन की असाधारण क्षमता, तत्परता और परिपक्वता से प्रभावित हुए बिना नहीं रहते। इन समस्याओं को सुलझाने वाली आत्माओं का सभ्यता के सर्वोच्च आदर्शों से आज भी तात्त्विक तालमेल है और सदा रहेगा''।

''उपनिषदें वह नींव हैं, जिस पर करोड़ों मनुष्यों के विश्वास आधारित रहे हैं, और वे मनुष्य हमसे कोई बहुत हीन नहीं थे। मनुष्य के लिए उसके अपने इतिहास से अधिक पवित्र और कुछ नहीं है। कम से कम अतीत के स्मारकों की हैसियत से ही उन पर हमें पूरा ध्यान देना चाहिए''। (उपनिषदों की भूमिका, पृ. ८)

इस प्रकार निश्चय ही दीपिका-व्याख्या एवं प्रो. पाण्डेय की हिन्दी-व्याख्या से मण्डित मैत्र्युपनिषद् का यह संस्करण हमारी आर्ष-परम्परा की अविच्छिन्नता को स्थापित करेगा।

ऐसे आर्ष-परम्परा के संवाहक संस्करण को हृदयावर्जकरूप में प्रकाशित करने वाले प्रकाशन संस्थान के निदशेक **डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी,** ईक्ष्यशोधन-प्रवीण **डॉ. हरिवंश कुमार पाण्डेय,** सहायक सम्पादक **डॉ. ददन उपाध्याय,** ईक्ष्यशोधक **श्री अशोक कुमार शुक्ल, श्री अतुल कुमार भाटिया,** प्रकाशन सहायक **श्री कन्हई सिंह कुशवाहा,** पाण्डुलिपि संग्राहक सहायक **श्री ओम प्रकाश वर्मा,** प्रकाशन संस्थान के डाटा इण्ट्री आपरेटर **श्री जितेन्द्र कुमार भाटिया** को भूरिशः आशीर्वाद प्रदान करते हुए प्रस्तुत ग्रन्थ के सौष्ठवपूर्ण मुद्रक श्रीजी कम्प्यूटर प्रिण्टर्स के निदेशक **श्री अनूप कुमार नागर** को शुभाशीर्वाद प्रदान करता हूँ।

अन्ततः भारतीय आर्ष-ज्ञान की निधि इस कृति को सान्नपूर्णा श्रीकाशीविश्वेश्वर के करकमलों में समर्पित करता हूँ।

राममूर्ति शर्मा

राममूर्ति शर्मा
कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

वाराणसी
शारदीय-नवरात्र
वि.सं. २०५८

प्राक्कथन

मैत्र्युपनिषद् के अनुशीलन का यह कार्य सोरबोन नूबेल युनिवर्सिटी, पेरिस (फ्रान्स) के प्राच्य-विभाग में मेरे विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में कार्य करने की अवधि में सम्पन्न हुआ। दिसम्बर, १९९८ ई. के शीतावकाश, मेजों द लैन्द (भारत भवन, पेरिस) के एकान्त कक्ष और मोंसूरी उद्यान के सुरम्य वातावरण के साथ **प्रो. नलिनी बलवीर** की सहयोग-तत्परता इसमें विशेष सहायक सिद्ध हुई। पेरिस भर के पुस्तकालयों और नीजी ग्रन्थ-संग्रहों से आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराने में वे यदि रुचि न लेतीं, तो तीन वर्षों के प्रवास की अवधि (अक्टूबर, १९९७ ई. से अक्टूबर २००० ई.) में कोई भी अकादमिक कार्य मैं शायद ठीक से न कर पाता। उनके साथ **प्रो. मादाम कोलेत कैय्या** जो यूरोप में सम्भवतः सर्वाधिक वयोवृद्ध और वरिष्ठ संस्कृत-विदुषी हैं, **श्रीमती पैत्रीशिया वोवी**, जिसकी भारतीय संस्कृति, संस्कृतभाषा और भारतीय संगीत के प्रति समर्पित निष्ठा स्वयं मेरे लिए स्पृहणीय रही है, **श्रीमती एवा सिली**, जिन्हें 'उमा' नाम से सम्बोधित होना ज्यादा प्रिय लगता है, उनकी आत्मीय स्मृतियाँ भी इसमें गुम्फित हैं। शीतावकाश के उस काल में, जब मेजों के परिसर भर में भयावह सन्नाटा पसरा पड़ा था, अनुजकल्प **श्री बटाकिशोर दे** ने जिस अकल्पित प्रेम से मुझे आप्यायित किया, वह भी स्मृति-मंजूषा की महार्घ निधि है। उन दिनों, जब पेरिस के विहग भी वहाँ न रहकर कहीं दूर उड़ जाना चाहते हैं, मेजों की पाँचवीं मंजिल पर हमीं दोनों प्रवासी अपने-अपने एकान्त को आपस में बाँटने के लिए बचे रह गये थे। मैत्र्युपनिषद् और उस पर परिव्राजकशिरोमणि रामतीर्थ की टीका आगे कई महीनों तक मेरी सहचरी बनी रही। रामतीर्थ की **'विद्वन्मनोरञ्जनी'**

(वेदान्तसार पर टीका) से पहले परिचय हो चुका था, लेकिन 'दीपिका' से यह नया परिचय था। यह अकाट्य तथ्य है कि रामतीर्थ की टीका के बिना इस उपनिषद् के मर्म को नहीं समझा जा सकता। प्रबल रामभक्त रामतीर्थ की ये दोनों टीकाएँ ही उनका परिचय हैं—इससे अधिक जानकारी उनके विषय में वास्तविक कहीं मिली नहीं।

पाण्डुलिपि की प्रतिलिपि तैयार करने में मेरी पत्नी **श्रीमती निर्मल मोहिनी पाण्डेय** ने विशेष सहयोग किया। कार्य की अवधि में मेरी आत्मजा और आत्मजों—कु. प्रज्ञा, मनीष, मानस और महिम्न को आशीर्वाद देता हूँ, जिन्होंने हमारे अभाव को भी अपने भीतर भाव बनाकर ही रखा।

इसके प्रकाशन में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति **डॉ. मण्डन मिश्र**, वर्तमान कुलपति श्रद्धेय **प्रो. राममूर्ति शर्मा**, जो वेदान्त के अप्रतिम मनीषी तो हैं ही, मेरे अन्यतम शुभैषी भी हैं, तथा आदरणीय **डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी**, प्रकाशन-निदेशक तथा उनकी समर्पित टीम ने जो सहयोग दिया, तदर्थ मैं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता अनुभव करता हूँ।

।। ब्रह्म सत्यं च पातु माम्।।

ओमप्रकाश पाण्डेय
आचार्य
संस्कृत एवं प्राकृत विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ,
मङ्गलवार,
१ मई, २००१ ई.।

विषयानुक्रमणिका

पृ.सं.

मैत्र्युपनिषद् मूलभाग

भूमिका

उपनिषत्साहित्य में मैत्र्युपनिषत् का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह कृष्णयजुर्वेदीय मैत्रायणी शाखा का प्रतिनिधित्व करती है। इसके लब्धप्रतिष्ठ टीकाकार रामतीर्थ ने इसे 'मैत्रायणीनां श्रुतिमौलि' कहा है। संक्षेप में इसे 'मैत्र्युपनिषत्' भी कहा जाता है। इस उपनिषत् के आद्य आङ्ग्ल अनुवादक **प्रो॰ कावेल** का अभिमत है कि यह किसी लुप्त ब्राह्मण ग्रन्थ का अंश है। इसके एक हस्तलेख या पाण्डुलिपि में, जो पहले बर्नेल के अधिकार में थी और बाद में मैक्समूलर के पास चली गई, इसे 'मैत्रायणीब्राह्मणोपनिषत्' कहा गया है। यह सम्भावना अस्वाभाविक भी नहीं प्रतीत होती, क्योंकि ऐतरेय, बृहदारण्यक, छान्दोग्य इत्यादि उपनिषद विभिन्न ब्राह्मण ग्रन्थों के अन्तिम भाग के रूप में ही मिलती हैं।

'मैत्रेयी उपनिषद्' के नाम से इसका एक सारांश संकलित संस्करण भी हस्तलेख के रूप में उपलब्ध है। शाखा के साथ ही, 'मैत्री' नाम उपनिषद् के प्रमुख तत्त्ववेत्ता के नाम का भी द्योतक है। प्रतीत होता है कि आचार्य मैत्री से ही मैत्रायणी शाखा का प्रवर्तन हुआ होगा। मैत्रायणी उपनिषत् की गणना तेरह प्रमुख उपनिषदों में की जाती है। शङ्कराचार्य ने यद्यपि इस पर भाष्य तो नहीं रचा, लेकिन ब्रह्मसूत्र-भाष्य में उन्होंने इसका उद्धरण दिया है। इससे सिद्ध होता है कि उन्हें इसकी प्रामाणिकता पर आस्था थी। फिर, विषय की दृष्टि से यह वेदान्त की प्रतिपादिका भी है।

मैत्रायणी उपनिषत् की प्राचीनता के विषय में, विद्वानों के मध्य विभिन्न धारणाएँ दिखलाई देती हैं। मैत्रायणी शाखा की सन्धिजन्य

विशेषताएँ और ध्वनियाँ इसमें यथावत् मिल जाती हैं—इस कारण मैक्समूलर ने, जिन्हें इसका दूसरा आंग्ल अनुवादक होने का श्रेय प्राप्त है, इसे प्राचीन ही माना है[१]।

विण्टरनित्स[२], डायसन[३] और राधाकृष्णन्[४] ने इसे अर्वाचीन कहा है। उनके प्रमुख तर्क इस प्रकार हैं—

१. इसमें वेदविरुद्ध सम्प्रदायों विशेषरूप से बौद्धमत का उल्लेख हुआ है। २. शङ्कराचार्य इसके विषय में पूर्णतया मौन हैं। ३. छान्दोग्य, बृहदारण्यक, काठक, श्वेताश्वतर, प्रश्न इत्यादि उपनिषदों के पुष्कल उद्धरण इसमें मिलते हैं। ४. इसमें 'सुर', 'क्षेत्रज्ञ', 'निर्मम', 'विग्रह', 'नास्तिक्य' इत्यादि शब्दों का उन अर्थों में प्रयोग हुआ है, जो परवर्ती काल के हैं। ५. इसमें सांख्यदर्शन में विकसित तत्त्वों की उपलब्धि होती है।

इन तर्कों में विशेष बल नहीं है, क्योंकि बौद्ध मत का इसमें नाम्ना उल्लेख नहीं हुआ है। 'नैरात्म्यवादी' जिस विचारधारा का उल्लेख है, वह भी बौद्धों का सङ्केत नहीं करती—उससे प्राचीन भारतीय चार्वाकादि मत ही विवक्षित प्रतीत होते हैं। बौद्धसिद्धान्तों का खण्डन या मण्डन तो इसमें दूर-दूर तक नहीं है। अन्य उपनिषदों के वाक्य या वाक्यांश ग्रहण करने की बात जहाँ तक है, वह ब्राह्मणों और उपनिषदों में एक सामान्य प्रवृत्ति है। सांख्य दर्शन का भी इसमें नाम्ना उल्लेख नहीं है—

---

1. **What imparts to this upaniṣad, according to my opinion, an exceptionally genuine and ancient character, is the preservation in it of that peculiar Sandhi, which thanks to the labours of Dr, Von schroder. We now know to be characteristic of this shākhā. In that shākhā final unaccented 'अ' and 'ए' are changed into आ if the next word begins with an accentedvowel except अ Sacred Books of the East, Vol. I & II Intro (The Upanisads).**
२. प्राचीन भारतीय साहित्य, विण्टरनित्स, (हिन्दी अनुवाद), प्रथम खण्ड, प्रथम भाग, पृ. २०७।
३. सिक्स्टी उपनिषत्स, भाग-१, पृष्ठ ३२८-३२९।
४. Principal Upaniṣads, Page 49.

हाँ, कुछ ऐसे विचारों की अस्पष्ट-सी झलक अवश्य इसमें मिल जाती है, जिन्हें आगे चलकर सांख्यसिद्धान्तों में समाविष्ट किया गया।

जहाँ तक मेरी धारणा है, प्रारम्भ के छह प्रपाठक तो निश्चित ही उपनिषदों के युग के हैं—हाँ, अन्तिम प्रपाठक के कुछ अनुवाक अवश्य उतने प्राचीन प्रतीत नहीं होते। सप्तम प्रपाठक के ये अंश उत्तर उपनिषद्युगीन लगते हैं, जब साम्प्रदायिक आग्रह दृढ़ होने लगे थे। शङ्कराचार्य ने संभवतः इस पर भाष्य इसलिए नहीं किया; क्योंकि अन्य उपनिषदों की तुलना में यह उन्हें अप्रेक्षाकृत सुबोध प्रतीत हुई होगी। इस उपनिषत् की प्राचीनता निश्चित ही सूत्रकाल से पहले की है; क्योंकि योगसूत्र (पतञ्जलि-कृत) से उसकी योगविषयक अवधारणाएँ भिन्न हैं। इसमें केवल छह योगाङ्ग माने गये हैं—यम और नियम का समावेश योगाङ्गों में नहीं किया गया है। छह में भी तर्क नामक एक भिन्न योगाङ्ग का समावेश है। पातञ्जल योगसूत्र के विषय में यह कहा जाता है कि उसमें यम और नियम का योगाङ्गों के रूप में समावेश जैनसिद्धान्तों के प्रभाववश किया गया। प्राचीन योगाङ्ग छह ही थे—अभिप्राय यह कि योगाङ्गों के सन्दर्भ में मैत्रायणी उपनिषत् प्राचीन परम्परा की अनुगामी है। यह संयोग की ही बात है कि बौद्धदर्शन में भी छह योगाङ्ग ही माने गये हैं—यम और नियम को वे पञ्चशील में अन्तर्भूत मान लेते हैं।

मैत्रायणी उपनिषत् में योग-साधना का जो स्वरूप मिलता है, वह गीतोक्त परम्परा के अनुरूप प्रतीत होता है। गीता में कहा गया है, कि वास्तव में योग की परम्परा विवस्वान्, मनु, इक्ष्वाकु के क्रम से प्रवर्तित हुई थी, जो बाद में अनेक राजर्षियों को मिली, लेकिन आगे वह छिन्न हो गई।[१] मैत्रायणी उपनिषत् के तत्त्वजिज्ञासु बृहद्रथ भी

---

१. इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्। विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत्।।
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः। स कालेनेह महता नष्टो योगः परन्तप।।
श्रीमद्भगवद्गीता, ४।१-२।

ऐक्ष्वाक ही हैं। योगाभ्यास के अन्य विधानों में भी अद्‌भुत साम्य है। इसलिए, यह उपनिषत् निश्चित ही सूत्रकाल से पहले की है।

स्वरूप

आकार-प्रकार की दृष्टि से मैत्रायणी उपनिषत् न लघु है और न बृहत् ही। इसका कलेवर मध्यम श्रेणी का है। सम्पूर्ण उपनिषत् सात प्रपाठकों में विभक्त है। प्रपाठकों का अवान्तर विभाजन अनुवाकों में हुआ है। प्रपाठक-क्रम से अनुवाक-संख्या क्रमशः ७,७,५,६,२,३८ और ११ है। सबसे बड़ा और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण प्रपाठक है छठा, जिसमें उपनिषत् की मूल विचारधारा का प्रतिपादन विस्तृत रूप से हुआ है—एक प्रकार से यही प्रपाठक इसका सर्वस्व है।

मैत्र्युपनिषद् में तत्त्व-चिन्तन और उसके सम्प्रेषण की परम्परा

इस उपनिषत् के आरम्भ में, ब्रह्मविद्याविषयिणी विचारधारा का सम्प्रेषण करते हुए यद्यपि हमें सर्वप्रथम शाकायन्य नामक महानुभाव ही दिखाई देते हैं, लेकिन वे स्वयं इसके चिन्तन का श्रेय नहीं लेते। वे अत्यन्त आदरपूर्वक यह उल्लेख करते हैं कि उन्हें यह ज्ञान की परम्परा भगवान् मैत्रि से मिली। मैत्रि से पहले की कड़ी में बालखिल्य नामक ऋषियों का उल्लेख है, जिन्हें यह ज्ञान क्रतु नामक प्रजापति से प्राप्त हुआ था। इस प्रकार, मैत्रायणी उपनिषत् की तत्त्व-चिन्तन-परम्परा क्रतु संज्ञक प्रजापति से प्रवर्तित हुई, लेकिन उसे विधिवत् पुरोवर्तित करने का श्रेय मैत्रि और उनके पश्चात् शाकायन्य को ही है। बालखिल्यों से यह ज्ञान किसे मिला, इसका उल्लेख इस प्रसङ्ग में नहीं है। मैत्रि का महत्त्व इस कारण भी है कि वे मैत्रायणी शाखा के सम्भवतः प्रवर्तक हैं।

राजा बृहद्रथ एक सच्चे एवं निष्ठावान् तत्त्व-जिज्ञासु के रूप में हमारे सामने अवतरित होते हैं। वे तत्त्व-चिन्तन में दीक्षा लेने से पूर्व

समस्त लौकिक भोगों को भोगने के बाद उनकी वास्तविक निस्सारता को जान चुके हैं, अपने से पहले के अन्य राजर्षियों के जीवन से भी शिक्षा ले चुके हैं तथा यथार्थ वैराग्य से प्रेरित हैं। मैत्रायणी शाखा में उनका वही स्थान है, जो काठक शाखा में नचिकेता का है। नचिकेता की तरह, उनसे भी पहले शाकायन्य ने आत्म-ज्ञान की दुरूहता की चर्चा कर उससे विरत रहने और दूसरा वर माँगने के लिए कहा, लेकिन वे अविचलित रहे और अन्ततः आत्मा के यथार्थ स्वरूप के परिज्ञान में उन्हें सफलता भी मिली। आत्मतत्त्व की जिज्ञासा से पूर्व, सुदीर्घकाल तक वे तपोऽनुष्ठानपूर्वक आत्मशोधन भी करते हुए दिखलाई देते हैं। जहाँ तक शाकायन्य की ऐतिहासिकता का प्रश्न है, उनका उल्लेख अन्यत्र भी है। मैत्रायणी उपनिषत् की तरह काठक संहिता में भी उनका उल्लेख है—

'एतद्ध वा उवाच जातः शाकायन्यः शङ्कौष्यम्' (काठ॰सं॰ २२,७)।

इससे स्पष्ट है कि शाकायन्य मात्र मिथकीय व्यक्ति न होकर एक इतिहाससिद्ध तत्त्व-चिन्तक हैं।

विषयावतरण-क्रम एवं प्रतिपादित विषय

मैत्रायणी उपनिषत् का प्रारम्भ ब्रह्मयज्ञ से अग्नि-चयन की समानता स्थापित करते हुए होता है। कहा गया है कि अग्नि-चयन करने के बाद ही प्राणसंज्ञक आत्मतत्त्व का ध्यान अथवा विचार करना चाहिए। इक्ष्वाकुवंशी सम्राट् बृहद्रथ, जो पुत्र को अपने स्थान पर अभिषिक्त कर लौकिक दृष्टि से आप्तकाम हो चुके हैं, जगत् की अनित्यता को जान चुके हैं तथा तपस्या करते हुए लगभग तीन वर्ष बिता चुके हैं, आत्मवेत्ता महापुरुष शाकायन्य के सम्मुख उपस्थित होकर आत्मतत्त्व को जानने की इच्छा व्यक्त करते हैं। शाकायन्य उन्हें कठिनाइयाँ बताकर आत्मज्ञान की चेष्टा से विरत करने का प्रयत्न करते

हैं, लेकिन बृहद्रथ अपने मार्ग पर अडिग रहते हैं और अन्त में शाकायन्य के सदुपदेशों से सफलता प्राप्त करते हैं।

उपनिषत् का मूल विषय ब्रह्मविद्या ही है, लेकिन उससे पूर्व आत्मा के स्वरूप और उसके साक्षात्कार की विभिन्न प्रविधियों का निरूपण किया गया है। उपनिषद् का लक्ष्य तो साधक को अद्वैततत्त्व की अनुभूति कराना ही है, लेकिन द्वैतभाव की व्यावहारिक उपादेयता को भी यह तिरोहित नहीं करती। निष्कर्षस्वरूप कह सकते हैं कि अद्वैतोन्मुख द्वैत की समीक्षा ही इस उपनिषत् का दृष्टिकोण है। प्रपाठक और अनुवाक-क्रम से इसमें प्रतिपादित विषयवस्तु का विवरण इस प्रकार है—

प्रथम प्रपाठक

१. ब्रह्मयज्ञ के उल्लेखपूर्वक प्राणसंज्ञक आत्मतत्त्व के विचार का प्रस्ताव।

२-३. राजा बृहद्रथ के द्वारा शाकायन्य के सम्मुख आत्मतत्त्व विषयिणी जिज्ञासा की प्रस्तुति, शरीर की निस्सारता का उल्लेख, कामोपभोग की व्यर्थता, पूर्ववर्ती चक्रवर्ती राजाओं के निदर्शन तथा प्राणी की स्थिति जलहीन अन्धे कूप में पड़े मेढ़क के सदृश बतलाना।

द्वितीय प्रपाठक

१. बृहद्रथ की जिज्ञासा कि आत्मा क्या है? यह शरीर, इन्द्रिय, मन, बुद्धि और प्राण में से ही कोई एक है अथवा उससे विलक्षण वस्तु है?

२. उपर्युक्त जिज्ञासा के उत्तर में शाकायन्य के द्वारा आत्मा के सामान्य स्वरूप का निरूपण कि यह स्थूल शरीर से ऊपर उठकर सूक्ष्म शरीर में जानेवाली है, क्षीण न होने वाली है, अन्धकार को हटा देनेवाली है—इत्यादि।

३. शाकायन्य के द्वारा अपनी ज्ञान-परम्परा का उद्घाटन—उनका यह कथन कि उन्होंने ब्रह्मविद्या सीधे उन भगवान् मैत्रि से प्राप्त की, जिनसे बालखिल्य सदृश तेजस्वी ऋषियों ने भी यह ज्ञान अर्जित किया था।

४-५. आत्मतत्त्व का स्वरूप।

६. प्रजापति के द्वारा प्रजा-सृष्टि, तदनन्तर प्रजाओं को सक्रिय करने के लिए प्रजापति का स्वयं उनके भीतर वायु के रूप में प्रवेश। पुरुष वैश्वानर अग्नि के रूप में है, जिसके द्वारा खाया हुआ अन्न पचाया जाता है। बुद्धि में पुरुष की स्थिति मनोमय, प्राणशरीर, प्रकाशस्वरूप, सत्यसङ्कल्प और आकाशात्मा—इन पाँच रूपों में है। पुरुष ही ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से विषयों का सेवन करता है। रथ का रूपक भी यहीं है।

७. आत्मा ही काम्य है, वह अच्छे बुरे कर्मों से अप्रभावित तथा तीनों अवस्थाओं से रहित है। वास्तव में वह अकर्ता है, किन्तु कर्ता के समान प्रतीत होता है।

तृतीय प्रपाठक

१-४. भूतात्मा का विवरण, वही शुभाशुभ कर्मफलों से अभिभूत होती है। 'भूत' शब्द तन्मात्राओं का वाचक है। शरीर ही वास्तव में भूतात्मा है। इसमें आत्मा की स्थिति कमल पर स्थित जल-बिन्दु के सदृश है। गुणों से परिचालित होने के कारण यह कलुषित होकर अपने को ऐसे बाँध लेती है, जैसे बहेलिए के जाल में पक्षी बँध जाते हैं। कर्मानुसार यह विभिन्न योनियों में सञ्चरण करती रहती है। भूतात्मा का कर्तृत्व—वह अनेकत्व को प्राप्त करती है।

५. तमोगुण और रजोगुण जन्य विकृतियाँ—मोह, भय, विषादादि।

चतुर्थ प्रपाठक

१-२. भूतात्मा की प्रवृत्ति, वह किस प्रकार चिदानन्द स्वरूप को प्राप्त करती है।

३-४ आत्मा को भूतात्मा के प्रभाव से मुक्त करने के उपाय, वेदविद्या के द्वारा आत्म-ज्ञान की उपलब्धि, अपने आश्रम-धर्म के अनुरूप आचरण का निर्देश, वेदोक्त कर्म की स्वधर्म रूपता, तपस्या से सत्त्व की प्राप्ति, सत्त्व से मनोबल और उससे पुन: आत्म-ज्ञान की उपलब्धि का विवरण, तपोनुष्ठान से साधक का ब्रह्मप्राप्ति के द्वार तक पहुँचना—तदनन्तर ब्रह्मभाव की उपलब्धि।

५-६. अग्नि, वायु, आदित्य, काल, यम, प्राण, अन्न, ब्रह्मा, रुद्र और विष्णु—इन देवों में से कौन ध्येय है—इसका विचार। अग्न्यादि देवों की परब्रह्मस्वरूपता तथा समस्त जगत् की ब्रह्ममयता।

पञ्चम प्रपाठक

१. ऋषि कुत्सायन के द्वारा साक्षात्कृत ब्रह्म-स्तुति।

२. गुणों के वैषम्य से जगत्सृष्टि का प्रतिपादन-तीन देवों की तीन गुणों से सम्बद्धता का निरूपण।

षष्ठ प्रपाठक

१-२. आत्मा की प्राण और आदित्यात्मकता—एक की शरीर में स्थिति और दूसरे के द्वारा जगत् को प्रकाशित किया जाना। एक बाह्यात्मा और दूसरी अन्तरात्मा। सूर्य की गति और प्राण की गति की समानता। प्राणात्मा का देह के भीतर हृदय-कमल में निवास। आकाश की कमलरूपता, दिशाओं और उपदिशाओं का इसकी पंखुरियों के रूप में विवेचन; प्राण और आदित्य का इसके आस-पास विचरण।

३-५. ओङ्कार और व्याहृतियों के साथ गायत्रीमन्त्र से उपासना; ब्रह्म के मूर्त और अमूर्तरूप, अमूर्त ही सत्य है, वही ब्रह्म है, वही ज्योति है, वही आदित्य है और वही ओङ्कार है। प्रणव और उद्‌गीथ; ओङ्कार, प्राण और आदित्य की नादमयी देह है—अग्नि, वायु और आदित्य इसके तीनों लिङ्ग हैं; ब्रह्मा, रुद्र और विष्णु का इसमें निवास है; गार्हपत्यादि अग्नियाँ इसकी मुख हैं। ऋक्, यजुष् और साम से यह विज्ञानवान् है। भूत, वर्तमान और भविष्य ये तीनों इसके काल हैं; तीनों लोकों से इसकी सम्बद्धता। अन्न, जल और चन्द्रमा से इसका आप्यायन। प्राण, अपान और व्यान से इसकी प्राणवत्ता। ओङ्कार अक्षर की परापर ब्रह्मरूपता।

६-७. तपोनुष्ठान से जगत् के अस्तित्व की विवेचना; ओङ्कार की व्याख्या; भूः, भुवः, स्वः—इन व्याहृतियों से जगत् का कथन; सावित्री मन्त्र की व्याख्या।

८. विभिन्न देवों के साथ आत्मा का समीकरण। इसे जानने की आवश्यकता का प्रतिपादन।

९-१०. आत्मा की आत्मा और परमात्मा के क्रम से उभयात्मकता। अतः आत्मा की ही ध्यातव्यता। मन की शुद्धि के उपाय विशेष प्रकार के आत्म-यज्ञ का विधान। सांख्य-सम्मत महदादि तत्त्वों का कथन; जागतिक तत्त्वों के साथ आत्मा के सम्बन्ध की विवेचना; पुरुष का भोक्तृत्व।

११-१४. अन्नमय प्राण का विवरण; अन्न की काल-कारणता। काल की सूर्य से उत्पत्ति; विभिन्न अयनों, मासों और नक्षत्रादि का विवरण; काल की उपासना ब्रह्मरूप में करने का निर्देश।

१५-१६. ब्रह्म की कालरूपता तथा अकालरूपता; आदित्य से पहले का रूप अकाल और आदित्य से प्रवर्तित रूप सकाल

संवत्सर की प्रजापति, काल, अन्न, ब्रह्मनीड और आत्मा की रूपवत्ता।

१७. परमात्मा के द्वारा आकाशतत्त्व से लेकर समस्त जगत् का चेतामात्र रूप में प्रबोधन। जगत् की उत्पत्ति परमात्मा के ध्यान से हुई है।

१८. प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, तर्क और समाधि—इन छह अङ्गो से युक्त योगानुष्ठान-पद्धति का निरूपण।

१९-२१. अन्य यौगिक साधनाओं (लम्बिकायोग) का विवरण; निरात्मभाव (उन्मनीभाव) की उपलब्धि का उपाय।

२२. ब्रह्म के शब्द और अशब्दरूपों के ध्यान की विधि। ओङ्कार की इन दोनों के मध्य में स्थिति। नाद-साधना की विधि।

२३-२४. ओङ्कारोपासना-विधि।

२५. योग का 'योग' नाम जोड़ने के कारण पड़ा; क्योंकि साधक प्राण, ओङ्कार और अनेकरूपात्मक समस्त विश्व को एक साथ जोड़ता है अथवा ये सभी उनके लिए अपने को जोड़ते हैं। इससे प्राण, मन और इन्द्रियों की एकता। समस्त हानिकारक भावों का तिरोधान।

२६. मछेरे की उपमा—जैसे मछेरा जल में रहनेवाली मछलियों को जाल से पकड़कर उनसे उदराग्नि में होम करता है, वैसे ही साधक प्राणों को ओङ्कार के माध्यम से ऊपर उठ कर आत्मा अथवा ब्रह्मरूपी निर्दोष अग्नि में होम करता है। इससे वह तपी हुई पृथ्वी की तरह हो जाता है—अप्राणतत्त्व प्राणतत्त्व के संस्पर्श से प्रदीप्त हो उठता है।

२७. एकाग्रता के अभ्यास से चित्त की वासनाएँ वैसे ही नष्ट हो जाती हैं, जैसे जमीन में गड़ा हुआ टुकड़ा शीघ्र ही

मिट्टी में मिल जाता है, और कुम्हार के काम का नहीं रहता है।

२८-२९. द्वारपाल का रूपक—यह द्वारपाल सम्मोहन, तृष्णा, ईर्ष्या, आलस्य, निद्रा, पाप, अभिमान, क्रोध, लोभ तथा कामनाओं के रूप में ब्रह्मप्राप्ति के द्वार पर प्रथम बाधा के रूप में अड़ा है, जिसका निवारण संन्यास, धैर्य और ओङ्कार-साधना के द्वारा ही किया जा सकता है। तदनन्तर योगाभ्यास के द्वारा अन्नमयादि विभिन्न कोशों को पार करके आनन्दमय कोश तक पहुँचने का आह्वान किया गया है। यह उपलब्धि छह मास में सम्भव है। ब्रह्मविद्या का प्रतिपादन करके शाकायन्य का मौनावलम्बन।

३०. योगसाधना की सामान्यविधि। स्वाध्याय, यम-नियमों के पालन तथा अध्यवसाय, सङ्कल्प एवं अभिमान के परित्याग पर विशेष बल। शाकायन्य-बृहद्रथ-संवाद की सम्पन्नता। सृष्टि, स्वर्ग और अपवर्ग—इन सबके मूल कारण के रूप में आदित्य का कथन।

३१. आत्मा के द्वारा ही इन्द्रियादि की प्रवृत्ति का निरूपण।

३२. आत्मा सत्य की भी सत्य है—उसी से प्राणों, लोकों, वेदों, देवों और प्राणियों के आविर्भाव का कथन।

३३-३४. अग्निहोत्र विषयिणी उपासना का विधान। अग्निहोत्र की आध्यात्मिक दृष्टि से की गई प्रतीकात्मक व्याख्या। ध्यान के आलम्ब का निरूपण। चित्त की शान्ति और प्रसन्नता का उपपादन। अमनीभाव का निरूपण।

३५. अग्निप्रभृति देवों की मन्त्रमयी स्तुति।

३६. ब्रह्मज्योति की द्विविध रूपता—प्रथम शान्त है, और दूसरा समृद्ध अर्थात् सजीव है। अग्निष्टोमादि के अनुष्ठान का महत्त्व। अध्यात्म-साधना में कर्मकाण्ड की उपादेयता।

३७. ओङ्कार के माध्यम से परमात्मा की उपासना का विधान। अग्निहोत्र का महत्त्व।

३८. अग्निहोत्र।

सप्तम प्रपाठक

१-७. इसके प्रथम सात अनुवाकों में सविता की उपासना विभिन्न देवों, छन्दों, स्तोमों और ऋतुओं इत्यादि के पारस्परिक सम्बन्ध के निरूपण-पूर्वक की गई है। सप्तम अनुवाक में आत्मा के महत्त्व का प्रतिपादन है।

८. आत्मज्ञान-प्राप्ति के मार्ग की बाधाएँ—इसी के साथ ज्ञान-प्राप्ति के अनधिकारियों का भी निरूपण।

९. नैरात्म्यवादी विचारधारा के उद्‌भव का पौराणिक विवरण—इस विचारधारा के अध्ययन का निषेध। अनुवाक के अन्त में कठोपनिषत् के तीन मन्त्रों के आत्मज्ञान के सन्दर्भ में उद्धरण।

१०. प्रजापति के द्वारा देवों को आत्मवादी ज्ञान-दान और असुरों को नैरात्म्यवादी ज्ञान-दान।

११. समस्त तैजस तत्त्व की एकता और सहिष्णुता। आत्मज्ञान के अनन्तर साधक की स्थिति।

विषय-वस्तु का विश्लेषण

इस प्रकार मैत्रायणी उपनिषत् की प्रतिपाद्य विषय-वस्तु अत्यन्त व्यापक, व्यवस्थित और व्यावहारिक है। आत्मा और परमात्मा, जीवात्मा और भूतात्मा, अध्यात्म और कर्मकाण्ड, योगाभ्यास और आत्मचिन्तन—इन सभी के समुचित समाधान का प्रयत्न इसमें परिलक्षित होता है। अध्यात्म के सैद्धान्तिक पक्षों के साथ ही व्यावहारिक और आचारनिष्ठ पक्षों का भी इसमें यथोचित सन्निवेश हुआ है।

भाषा और शैली

इस उपनिषद् की भाषा सामान्यत: ब्राह्मणग्रन्थों की भाषा के सदृश है, लेकिन मैत्रायणी शाखागत विभिन्न भाषिक विलक्षणताएँ इसमें उल्लेखनीय हैं, जिनका स्पष्टीकरण अनुवादगत टिप्पणियों में कर दिया गया है। स्पष्टता और सुबोध प्रतिपादन की शैली इसे वैशिष्ट्य प्रदान करती है।

उपलब्ध भाष्य, विभिन्न संस्करण और अनुवाद

यह प्रायेण विदित तथ्य है कि इस पर आद्यशङ्कराचार्य का भाष्य नहीं मिलता। लेकिन परिव्राजकशिरोमणि रामतीर्थ की 'दीपिका' टीका उसके अभाव को अनुभव नहीं होने देती। रामतीर्थ की व्याख्या अत्यन्त वैदुष्यपूर्ण तथा शास्त्रीय उद्धरणों और अवतरणों से सम्पन्न है। यह विशद और विस्तृत व्याख्या मूल के अभिप्राय को पूरी तरह स्पष्ट कर देती है। टीकाकार का योग-साधना विषयक अत्यन्त गम्भीर अनुभव भी इसमें सहायक सिद्ध हुआ है। इस टीका के साथ मैत्रायणी उपनिषत् का (सम्भवत:) सर्व प्रथम भारतीय संस्करण सन् १८९५ ई॰ में, आज से १०६ वर्ष पूर्व, आनन्दाश्रम, पूना से 'उपनिषदां समुच्चय:' के अन्तर्गत प्रकाशित हुआ था। यह संस्करण आज दुर्लभ हो गया है। इसके बाद, २०वीं शताब्दी के छठे दशक के मध्य में, वैदिक संशोधन मण्डल से प्रकाशित उपनिषदों के एक संग्रह में इसका मूलभाग मात्र प्रकाशित हुआ है। हस्तलेखों के आधार पर, इसके कुछ अंग्रेजी-अनुवाद[१] तो १९वीं शताब्दी में ही प्रकाशित हो गये थे, जिनमें ई॰बी॰कावेल तथा मैक्समूलर-कृत अंग्रेजी अनुवाद[१] क्रमश: १८७० तथा १८८४ ई॰ में प्रकाशित हैं। डॉ॰ राधाकृष्णन् ने भी इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया है, जो १९५३ ई. में छपा है[२]। फ्राँसीसी भाषा में इसका अनुवाद किया है प्रो॰ लुई रेनू ने, जो पेरिस से प्रकाशित है।

●

---

1. The Upaniṣads, Sacred Books of the East, Vol. I, 1879, Vol.II, 1884.
2. Principal Ppaniṣads, George Allen & Nwin Ltd., London, 1953.

।। ॐ तत्सद्ब्रह्मणे नमः ।।

हिन्दीव्याख्योपेता श्रीरामतीर्थविरचितदीपिकासमेता

मैत्र्युपनिषत्

गणाधिपतिमस्वल्पविघ्नग्रासं महोदरम् ।
विपदुत्सारणाभ्यासलम्बीकृतकरं नुमः ।।१।।

प्रणम्य रामं प्रणताभयप्रदं गुरूँस्तथा कृष्णमुखांस्तदात्मनः ।
मैत्रायणीनां श्रुतिमौलिमर्थतः प्रसाध्य विष्णोः परमे पदेऽर्पये ।।२।।

'ब्रह्मयज्ञो वा एषः' इत्याद्या मैत्रायणानामुपनिषत्[२]तस्याः पूर्वकाण्डेन सम्बन्धः काण्डचतुष्टयात्मके पूर्वस्मिन् ग्रन्थेऽनेकानि कर्माण्यग्निहोत्रादीनि विहितानि तानि चोच्चावचफलार्थतया श्रुतानि। यद्यपि तथाऽपि न परमपुरुषार्थपर्यवसितानि, यतः साध्यफलानि तानि, साध्यं चानित्यं ''यत्कृतकं तदनित्यम्'' इति नियमात्। श्रुतिश्चात्र भवति 'तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यचितो लोकः क्षीयते'' (छान्दो०अ० ८) इति। 'यदिह वा अप्यनेवंविन्महत्पुण्यं कर्म करोति तद्धास्यान्ततः क्षीयत एव'' (बृहदा०, अ० १ ब्रा० ४) इति च। तथा ''यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वाऽस्मिँल्लोके जुहोति यजते तपस्तप्यते बहूनि वर्षसहस्राण्यन्तवदेवास्य तद्भवति'' (बृहदा०, अ० ३ ब्रा० ८) इति च। तस्मात्स्वभावतो नित्यनिरतिशयपुरुषार्थार्थिनः पुंसोऽभिलषितसाधनोपायप्रदर्शनाय प्रवर्तमानो वेदोऽनादिभवपरम्परानुभूतानेकविषयवासनावासितान्तःकरणं वासनापरवशतया प्रवर्तमानं विषयासक्तमानसं प्रति सहसा विषयप्रवणतापरावर्तनेन परमपुरुषार्थरूपाविद्यानिवृत्तिपरमानन्दाविर्भावसाधनप्रत्यगात्मतत्त्वब्रह्मप्रवणतामापाद्य परं ब्रह्मात्मतत्त्वं बोधयितु-

मशक्नुवन्नादौ कर्माण्येव पुरुषार्थसाधनतयोपदिशति, पुनस्तत्रैव निष्ठां सम्पाद्य तन्निष्ठस्य नित्यनैमित्तिककर्मानुष्ठानप्रभावतः शनैः शुध्यमानान्तः-करणस्य पुनरीश्वरार्पणबुद्ध्यैव निष्कामकर्मानुष्ठानादतितरां शुद्धान्तःकरणस्य नित्यानित्यवस्तुविवेकवत इहामूत्रार्थभोगरागशून्यस्य शमदमादिसाधनवतो मोक्षमात्राकाङ्क्षिणोऽधिकारसम्पत्तिमालक्ष्य प्रत्यगात्मतत्त्वं ब्रह्माध्यारोपा पवादन्यायेनावगमय्य स्वयं च तेनैवावगमेन सह तस्मिन्नेवाऽऽत्मतत्त्वे ब्रह्मणि विलीयमानो ब्रह्मात्ममात्राद्वयं सत्यज्ञानानन्तानन्दैकरसमवतिष्ठत इति पूर्वा-परभावेन कर्मज्ञानकाण्डयोर्हेतुहेतुमद्भावः सिद्धः। तदनेन व्याख्येयोत्तर-काण्डस्य विषयप्रयोजनाधिकारिणो दर्शिताः। विषयस्य चाऽऽत्मतत्त्वस्य वेदान्तापरमानासिद्धतया व्याख्येयग्रन्थप्रतिपाद्यताऽर्थात्सिद्धेति सिद्धानुबन्ध-चतुष्टयमिमं ग्रन्थं पदशो यथामति व्याख्यास्यामः। पूर्वत्र चयनादिकर्माऽऽ-म्नातं तच्चाग्निष्टोमातिरिक्तानां सर्वेषां यज्ञक्रतूनां साधारणं तावता सर्वाण्येव कर्माण्युपलक्षणत्वेन गृहीतानि, तथा च सर्वेषां कर्मणां परमात्मज्ञान-जन्मोपकारकत्वेन परमपुरुषार्थहेतुत्वं दर्शयितुं श्रुतिः प्रववृते—

ब्रह्मयज्ञो वा एष यत्पूर्वेषां चयनम्।

यदिदं पूर्वेषां कर्मप्रकरणोक्तानां कर्मणां चयनं चयनादि सर्व कर्मैष ब्रह्मणः परमात्मनो यज्ञो यजनं पूजनं वै प्रसिद्धम् 'यज्ञो वै विष्णुर्यज्ञेनैव यज्ञं सन्तनोति'' इति श्रुत्यन्तरात्। अत्र चयनग्रहणमस्यां शाखायां प्रथम-काण्डे चयनस्याऽऽम्नानात् । पूर्वत्र विहितानि सर्वाणि कर्माणि परमेश्वरार्पण-बुद्ध्या फलासक्तिं परित्यज्यानुष्ठेयानीति तात्पर्यार्थः। तथा च भगवानाह—

''ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा'' ।। इति।

(गी० ५।१०)

तस्माद्यजमानश्चित्वैतानग्नीनात्मानमभिध्यायेत् ।

यजमानः कर्मण्यधिकृत एतान्पूर्वोक्तानग्नींश्चित्वाऽग्निचयनानन्तरं सर्वं कर्म यथाधिकारं निर्वर्त्य तत्प्रभावलब्धान्तःकरणशुद्धिः सन्नात्मानं प्रत्यञ्चं

वक्ष्यमाणलक्षणमभ्यसितः सर्वात्मब्रह्मभावेन ध्यायेन्निरन्तरं चिन्तयेदित्यर्थः। अत्र क्त्वाप्रत्ययनिर्देशोऽनुष्ठानात्मध्यानयोर्नैरन्तर्यपरो न भवति, किन्तु पूर्वकालत्वमात्रपरः, तथा चास्मिञ्जन्मनि जन्मान्तरे वा वृत्तकर्मानुष्ठान-कृतशुद्ध्यतिशयफलं विविदिषां प्राप्य कर्मभ्यो व्युत्थाय प्रत्यक्तत्त्वब्रह्म-विचारपरो भवेदित्यभिप्रायः।

एवं सति किं स्यादित्येतदाह—

स पूर्णः खलु वा अद्धाऽविकलः सम्पद्यते यज्ञः।

स यज्ञः प्रागनुष्ठितः खलु निश्चितं वै प्रसिद्धमद्धा साक्षान्निरुपमचरितं पूर्णः पूर्णफलः सम्पद्यते। यद्वा स यज्ञो यजमानः 'यज्ञो वै यजमानः' इति श्रुतेः, पूर्णोऽध्यात्मपरिच्छेदाभिमानहान्याऽनवच्छिन्नः परमात्मा सम्पद्यते, अद्धा खलु वा इत्युक्तार्थम्।

आत्मानमभिध्यायेदित्युक्तं ध्येयमात्मानं प्रश्नप्रतिवचनाभ्यां सङ्क्षेपतो निर्दिशति—

कः सोऽभिध्येयोऽयं यः प्राणाख्यः।

स आत्माऽभिध्येयः पूर्वोक्त कः किं स्वरूपः किंप्रमाणश्चेति प्रश्नभागार्थः। यः प्राणाख्यः प्राणेन प्राणनेन प्राणनादिव्यापारेणाऽऽख्यायते प्रख्यायतेऽस्तीति निश्चीयत इति प्राणाख्योऽयं स ध्येय आत्मेति प्रतिवचनभागार्थः। तथा च श्रुतिः—"को ह्येवान्यात्कः प्राण्यादेष आकाश आनन्दो न स्यात्" (तैत्ति०उ०) इति "यः प्राणेन प्राणिति स त आत्मा सर्वान्तरः" (बृहदा०अ० ३ ब्रा० ४) इत्याद्या च। यो देहादिसङ्घात-साक्ष्यात्मा सोऽभिध्येय इत्यर्थः।

उक्तार्थसङ्ग्रहप्रपञ्चनं प्रतिजानीते—

तस्योपाख्यानम् ।।१।।

तस्य प्राणाख्यस्याऽऽत्मन उप समीप आख्यानं तत्स्वभावस्य स्पष्टकथनमारभ्यत इति वाक्यशेषः।।१।।

भाषा—पूर्व अग्नियों का चयन [संज्ञक] यह [कर्म] ब्रह्मयज्ञ[1] है। इसलिए यजमान इन अग्नियों का चयन करके अपनी आत्मा के विषय में [सर्वात्म ब्रह्मभाव से] निरन्तर ध्यान अर्थात् चिन्तन करे। [इससे] वह यज्ञ वास्तव में पूर्ण अर्थात् सफल तथा अविकल रूप से सम्पन्न हो जाता है। वह [आत्म] तत्त्व क्या है जिसका विचार किया जाये? [इसका उत्तर यह है कि] वह प्राणसंज्ञक है। उसी का यह स्पष्ट प्रतिपादन है।।१।।

बृहद्रथो वै नाम राजा विराज्ये पुत्रं निधापयित्वा ।

बृहद्रथो वा इत्याद्याख्यायिका सुखावबोधार्था तपोवैराग्ययोरात्मज्ञानाङ्गत्वख्यापनार्था च। **बृहद्रथो० निधापयित्वेति**। विविधं राज्यमस्मिन्निति विराज्यं तस्मिन्विराज्ये सार्वभौम आधिपत्य इत्यर्थः। निधापयित्वा मन्त्रिभिर्निधानं स्थापनं कारयित्वेत्यर्थः। राज्यस्थेमं पुत्रमभिषिच्येति यावत् ।

स्वयं जीवति सति पुत्रस्य राज्यदाने निमित्तमाह—

इदमशाश्वतं मन्यमानः शरीरं वैराग्यमुपेतोऽरण्यं निर्जगाम ।

इदं शरीरमशाश्वतमनित्यं मन्यमान इति सम्बन्धः। वैराग्यं रागनिवृत्तिमुपेत ऐहिकामुष्मिकभोगरागविनिर्मुक्त इत्यर्थः। अरण्यं ग्राम्यजनवर्जितं विविक्तमभयं देशं प्रति निर्जगाम प्रस्थित इत्यर्थः।

स तत्र परमं तप आस्थायाऽऽदित्यमुदीक्षमाण ऊर्ध्वबाहुस्तिष्ठति।

तत्रारण्ये स राजा बृहद्रथनामा परमं दुष्करं कायशोषलक्षणं तप आस्थायोर्ध्वबाहूरूर्ध्वीकृतबाहुद्वय आदित्यं सवितारमुदीक्षमाणः सवितर्यारोपितदृष्टिः संस्तिष्ठत्यतिष्ठदित्यर्थः।

तपसि स्थिरचित्तानामभीष्टसिद्धिरवश्यंभाविनीत्यभिप्रेत्याऽऽह—

अन्ते सहस्रस्य मुनेरन्तिकमाजगामाग्निरिवाधूमक-
स्तेजसा निर्दहन्निवाऽऽत्मविद्भगवाञ्शाकायन्यः—

---

१. **ब्रह्मयज्ञ**—मनुस्मृति (३.१०) और श्वेता० उप० (२.७) के अनुसार अध्यापन कर्म ब्रह्मयज्ञ है।

सहस्रस्य संवत्सराणामिति शेषः। एवं तपसि स्थितस्य राज्ञः संवत्सराणां सहस्रस्यान्ते भगवाञ्शाकायन्योऽन्तिकमाजगामेति सम्बन्धः। सहस्राहस्येति पाठे सहस्रदिवसात्मककालस्यान्त इति योज्यम्। शाकायनस्यापत्यं शाकायन्यस्तन्नामा कश्चिदृषिस्तस्याभीष्टवरदानसामर्थ्यद्योतनाय विशेषणानि। **अधूमकोऽग्निरिवेति**। उपशान्तविक्षेप इत्यर्थः। तेजसा स्वप्रभया ब्रह्मवर्चसेनेति यावत्। निर्दहन्निवान्यानभिभवन्निवेत्यनेनाज्ञानसंशयादिप्रतिबन्धरहितं तत्त्वज्ञानमस्यास्तीति द्योतितम्। कुत एवं प्रभावोऽयमित्यतो विशिनष्टि—**आत्मविदिति**। आत्मतत्त्ववित्त्वे लिङ्गमाह—**भगवानिति**।

"उत्पत्तिं प्रलयं चैव भूतानामागतिं गतिम् ।
वेत्ति विद्यामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति"।।
(विष्णु०पु०, अं० ६ अ० ५)

इति स्मृत्युक्तो भगवच्छब्दार्थः। सर्वज्ञ इत्यर्थः।

आगत्य किं कृतवानिति तदाह—

—'उत्तिष्ठोत्तिष्ठ वरं वृणीष्वेति' राजानमब्रवीत्।

स्पष्टोऽर्थः।

ततो राजकृतमाह—

स तस्मै नमः कृत्वोवाच ।

तस्मै शाकायन्याय स राजा नमो नमनं नमस्कारं कृत्वा तं दण्डवत्प्रणम्योवाचोक्तवान्।

किमुवाचेति तदाह—

भगवन्नाहमात्मवित्त्वं तत्त्वविच्छुश्रुमो वयं स त्वं नो ब्रूहीति ।

इत्युवाचेति सम्बन्धः। हे भगवन्पूजावन्नहमात्मविन्न। आत्मतत्त्वविन्न भवामीत्यर्थः। त्वं तत्त्वविदात्मतत्त्वस्य वेत्ता। इति शब्दोऽत्राध्याहार्यः। इति

वयं शुश्रुम। विसर्गान्तपाठश्छान्दसः। अतः स त्वमात्मतत्त्वं नोऽस्मभ्यं ब्रूहि प्रतिपादयेत्यर्थः।

एवं पृष्टवते शाकायन्यः किमाहेत्येतदाह—

एतद्वृत्तं पुरस्ताद्दुःशक्यमेतत्प्रश्नमैक्ष्वा-
कान् यान् कामान् वृणीष्वेति शाकायन्यः ।

यत्त्वया पृष्टमात्मतत्त्वमेतद्वस्तु पुरस्तादतीते काले वृत्तं सिद्धं निर्णीतं पूर्वतरैर्ऋषिभिरिति योज्यम्। इदानीं त्वेतत्प्रश्नं दुःशक्यम्। लिङ्गव्यत्ययेनैष प्रश्नो दुःशक्यो दुःशक इत्यर्थः। यद्वैतद्वृत्तमेतस्याऽऽत्मतत्त्वस्य वृत्तं याथात्म्यमेतत्प्रश्नं प्रश्नवचनं च पुरस्तात्। प्रथमं चित्तैकाग्रयादिति योज्यम्। दुःशक्यं दुःशकं वक्तुं श्रोतुं च दुर्लभमेतदित्यर्थः। तथा च **श्रुतिस्मृती**—

''श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः।
आश्चर्यो वक्ता कुशलोऽस्य लब्धा आश्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः'' ।।
(कठोप०) इति।

''आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः ।
आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति श्रुत्वाऽप्येनं वेद न चैव कश्चित्'' ।।इति।
(गी०, २/२९)

हे ऐक्ष्वाकेक्ष्वाकुकुलोद्भव, अन्यान् कामान् स्वर्गभोगानप्सरः-प्रभृतीनैहिकान् वा धनतरुणीप्रभृतीन्वृणीष्व प्रार्थयेथा इति शाकायन्य उवाचेत्यनुषङ्गः।

ततो राजवृत्तान्तमाह—

शिरसाऽस्य चरणावभिमृशमानो राजेमां गाथां जगाद ।।२।।

इमां बुद्धिस्थां वक्ष्यमाणां गाथां यथास्थितार्थां कथां जगादोक्तवान् राजा। सुगममन्यत् ।।२।।

बृहद्रथ[1] भा०—नाम के राजा अपने वैराज्य[2] कोटि के राज्य में [अपने स्थान पर अपने] पुत्र को आसीन करके, इस शरीर को अनित्य मानते हुए विरक्त होकर वन को चले गये। वे वहाँ परम तपस्या में लीन होकर, सूर्य पर दृष्टि को केन्द्रित किये हुए [तथा] ऊपर हाथ उठाये हुए स्थित रहे। [इस प्रकार तपस्या करते हुए उन्हें जब] एक हजार दिन बीत गये [तब] उनके सम्मुख धूमरहित अग्नि के सदृश तेज से देदीप्यमान आत्मवेत्ता भगवान् शाकायन्य पधारे। [उन्होंने] राजा से कहा—'उठो, उठो! वर माँगो'। राजा ने उन्हें नमस्कार करके कहा—'भगवन्! मैं आत्मतत्त्व के ज्ञान से रहित हूँ और आप उसके ज्ञाता हैं, [ऐसा] हमने सुना है। [इसलिए] आप हमें उसका उपदेश कीजिए'। [इस पर] शाकायन्य[3] ने कहा—'हे इक्ष्वाकुवंशी राजन्! यह विषय और प्रश्न[4] तो पहले से ही अत्यन्त कठिन है। [इसलिए] अन्य कामनाओं का वर के रूप में [तुम] वरण करो। राजा ने [यह सुनकर] अपने शिरसे [शाकायन्य के] चरणों को रगड़ते हुए यह गाथा कही।।२।।

यदुक्तमन्यान् कामान् वृणीष्वेति तत्र भोगायतनस्य स्वभावालोचनायां न कामः कामाय कल्पत इति द्योतयन् स्थूलशरीरं तावद्बीभत्सितं वर्णयति—

---

१. **बृहद्रथ**—ऋग्वेद (१.३६.१८तथा १०.४९.६) में इस नाम के राजा का उल्लेख भी मिलता है।

२. **विराज्य**—वैदिक वाङ्मय में, विशेषरूप से ऐतरेय ब्राह्मण (७.३२) में राज्यों का अनेक प्रकार से वर्गीकरण किया गया है; ये हैं—राज्य, साम्राज्य, भौज्य, स्वाराज्य, वैराज्य, पारमेष्ठ्य, माहाराज्य, आधिपत्य इत्यादि। मैत्रा० उप० के एक हस्त लेखगत पाठान्तर में 'विराज्ये' के स्थान पर 'वैराज्ये' पाठ भी है। टीकाकार रामतीर्थ के अनुसार 'वैराज्य' का अभिप्राय सार्वभौम चक्रवर्तित्व है।

३. **शाकायन्य**—मैत्रायणी शाखा के साथ अन्य ग्रन्थों में भी ऋषि शाकायन्य का उल्लेख मिलता है। उदाहरण के लिए काठक संहिता (२२.७) का यह वचन उल्लेख्य है—'एतद्ध वा उवाच जातः शाकायन्यः शङ्गं कौष्यम्।' इससे प्रतीत होता है कि ये एक प्राचीन तत्त्ववेत्ता ऋषि हैं।

४. **प्रश्नम्**—'प्रश्न' शब्द लौकिक संस्कृत-व्याकरण में सामान्यतः पुंल्लिङ्ग में प्रयुक्त होता है। विद्वानों का विचार है। कि यहाँ इसका प्रयोग 'प्रष्टुम्' (पूछने के लिए) के अर्थ में हुआ है ।।२।।

भगवन्नस्थिचर्मस्नायुमज्जामांसशुक्रशोणितश्लेष्माश्रुदूषिकाविण्मूत्र-वातपित्तकफसङ्घाते दुर्गन्धे निःसारेऽस्मिञ्शरीरे किं कामोपभोगैः?

श्लेष्मा सिङ्घाणको नासाद्वारकमलः, दूषिका नेत्रमलः, कफो हृत्कण्ठरोधी पिच्छिलो मल इति भेदः। अस्थ्यादिसङ्घाते घने दुःसहगन्धे कदलीस्तम्भवन्निःसारेऽन्तःसारवर्जितेऽस्मिन् स्थूले शरीरे वर्तमानस्येति शेषः। किं कामोपभोगैः कार्यम्। आघातं नीयमानस्य वध्यस्येव भोजनाच्छादनालङ्कारादि न तोषमुपैष्यतीत्यभिप्रायः।

न केवलमिदं शरीरं स्वतो बीभत्सितत्वात्कामानर्हमपि त्वतिबल-वदरिनिवहैरभिभूयमानत्वादपीत्याह—

कामक्रोधलोभमोहभयविषादेर्ष्येष्टवियोगानिष्टसम्प्रयोगक्षुत्पिपासा-जरामृत्युरोगशोकाद्यैरभिहतेऽस्मिञ्शरीरे किं कामोपभोगैः ।।३।।

कामोऽप्राप्ताभिलाषः। क्रोधः प्रसिद्धः। लोभः प्राप्तेष्वपि विषयेष्वलं-बुद्धिराहित्यम्। मोहोऽनर्थेऽर्थबुद्धिः। भयं परित्रासः। विषादः शोकः। ईर्ष्या परप्रद्वेषः। इष्टवियोगः स्वानुकूलपुत्राद्यनुबन्धवैकल्यम्। अनिष्टसम्प्रयोगः स्वप्रतिकूलानुबन्धसङ्कलनम्। एताभ्यां दुःखं लक्ष्यते। एवमेतेऽन्तः-करणधर्माः। क्षुत्पिपासे प्राणधर्मा। जरादयो देहधर्मा आगन्तुकाः। शोकः शोकनिमित्तो देहावसादः कार्श्यमिति यावत्। आदिशब्दाद्वृद्धिविपरिणामौ गृह्येते। अन्यदुक्तार्थम् ।।३।।

भगवन्! यह शरीर हड्डी, चाम, नस, नाड़ियों, मज्जा, मांस, शुक्र, रक्त, श्लेष्मा (नासिकागत दुर्गन्धित प्रवाहजन्य मल), आँख के कीचड़, मल-मूत्र, वात, पित्त और कफ का सम्मिलित रूप है। [साथ ही] दुर्गन्धित और निःसार [भी] है [इसलिए] कामनाओं के उपभोग से [भला] क्या [वास्तविक] लाभ हो सकता है? काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय, ईर्ष्या, प्रिय [जनों एवं प्रिय वस्तुओं] से बिछुड़ने, अप्रिय [जनों एवं घटनाओं से] मुठभेड़, भूख-प्यास, वृद्धावस्था, मृत्यु, रोग और शोक इत्यादि से यह शरीर पीड़ित होता रहता है—इसलिए कामोपभोग से [प्राणी का भला] क्या [वास्तविक कल्याण हो सकता] है?।।३।।

एवंविधोऽपि सङ्घातो यदि चिरस्थायी स्थिरः स्यात्तदा कथञ्चिदपि विषकीटवदभिलष्येत नैवमस्तीत्याह—

सर्वं चेदं क्षयिष्णु पश्यामो यथेमे
दंशमशकादय स्तृणवनस्पतयोद्भूतप्रध्वंसिनः[१] ।।

सर्वं चेदं यथावर्णितं सङ्घातरूपं क्षयशीलं नश्वरं पश्यामो निर्धारयाम इति प्रतिज्ञा, तत्र हेतुरुद्भूतप्रध्वंसित्वादिति योज्यम्। कादाचित्कत्वादित्यर्थः। यथेम इत्यादि प्रध्वंसिन इत्यन्तं निदर्शनमिति विभागः। तथा चायं प्रयोगः, विमतः सङ्घातोऽशाश्वत उत्पन्नप्रध्वंसित्वाद्य एवं स एवं यथेमे दृश्यमाना दंशमशकादयो यथा वा तृणवनस्पतय उद्भूतप्रध्वंसिनोऽशाश्वतास्तथा चायं तस्मात्तथेति। वनस्पतयोद्भूतेति सन्धिश्छान्दसः। वोकारो वाऽत्र लुप्तो द्रष्टव्यः।

उक्तदृष्टान्तेष्वप्रकृष्टकर्मजत्वमुपाधिमाशङ्क्य तस्याप्रयोजकतां दर्शयन् प्रकृष्टकर्मजेष्वप्यशाश्वततामाविष्करोति—

अथ किमेतैर्वा परेऽन्ये महाधनुर्धराश्चक्रवर्तिनः केचित् ।

अन्यच्चेत्यस्मिन्नर्थेऽथशब्दः। एतैरुदाहृतैः क्षुद्रजन्तुस्थावरैः किम् । वाशब्दोऽनादरे। पर उत्कृष्टा अन्य उक्तेभ्यो महाधनुर्धरा महाशूराश्चक्रवर्तिनः सार्वभौमाश्च केचिदस्माल्लोकादमुं लोकं प्रयाता इत्युत्तरेणान्वयः।

तानेव चक्रवर्तिनः कांश्चिद्गणयति—

सुद्युम्नभूरिद्युम्नेन्द्रद्युम्नकुवलयाश्वयौवनाश्ववध्र्यश्वाश्वपति-शशविन्दुहरिश्चन्द्राम्बरीषननक्तुशर्यातिययात्यनरण्यक्षसेनादयः ।

अत्राश्वपतिः शशबिन्दुरित्यादिपदविच्छेद-पाठश्छान्दसः प्रामादिको वा। एते सूर्यसोमवंशजा राजान उक्ताः।

---

१. वनस्पतयोद्भूत प्रध्वंसिनः—यह दोहरी संन्धि [वनस्पतयः उद्भूत प्रध्वंसिनः] का उदाहरण है। इस प्रकार की सन्धि मैत्रायणी शाखा में बहुधा मिलती है।

एतेष्वपि विशिष्टतरानन्यानुदाहरति—

अथ [1]मरुत्तभरत[2]प्रभृतयो राजानो

मरुत्तो नाम संवर्तकेन योगिना याजितो राजा यस्य यागे समागता इन्द्रादयः सायुधा एव स्तम्भिता पुनश्च चमसाध्वर्यवे नियुक्ताः सः। भरतो दौष्यन्तिर्येनाश्वमेधानां त्रिशती कृता सः। प्रभृतिरित्यादिपदपर्यायेण प्रियव्रतादयो गृह्यन्ते।

किं तदाह—

मिषतो बन्धुवर्गस्य महतीं श्रियं त्यक्त्वाऽस्माल्लोकादमुं लोकं प्रयाता इति ।।

बन्धुवर्गस्य भोग्यजातस्य मिषतः पश्यतो जीवत एव सतोऽक्षुण्णस्येति यावत्। महतीमपरिमितां श्रियं विभूतिं त्यक्त्वाऽनिच्छन्तोऽपि तां परित्यज्यास्मात्प्रतिपन्नाल्लोकाद्देहादमुं लोकं परोक्षं प्रयाता नष्टा बभूवुरिति निश्चितमित्यर्थः।

एवं मनुष्यशरीराणामुत्कृष्टानामप्यनित्यतामुदाहृत्यामनुष्येष्वप्युत्कर्षतारतम्येन स्थितेष्वनित्यतामावेदयन्नादौ तेषु निकृष्टाननुक्रमते—

अथ किमेतैर्वा परेऽन्ये गन्धर्वासुरयक्षराक्षसभूतगणपिशाचोरगग्रहादीनां निरोधं पश्यामः।

अथाप्येतैः पूर्वोक्तैः किं वेतोऽप्यन्ये परे चिरस्थायितयोत्कृष्टाः सन्ति तेषां गन्धर्वादीनां निरोधं नाशं पश्याम इति योजना। पिशाचा उन्मादापस्मारादयः। ग्रहा बालग्रहा मातृकादयः। अन्ये प्रसिद्धाः।

---

१. मरुत्त—इस नाम के राजा का उल्लेख ऐत. ब्रा॰ [८.२१] तथा शतपथ ब्राह्मण [१३.५.४६] में भी है। रामतीर्थ के अनुसार संवर्तक योगी ने मरुत्त से यज्ञ कराया था।

२. भरत—शतपथ ब्राह्मण के अनुसार राजा भरत दुःष्यन्त के पुत्र हैं– 'तेन हैतेन भरतो दौःषन्तिरीजे' [१३.५.४.११]

अथ किमेतैर्वाऽन्यानां शोषणं महार्णवानां शिखरिणां प्रपतनं ध्रुवस्य प्रचलनं व्रश्चनं वातरज्जूनां निमज्जनं पृथिव्याः स्थानापसरणं सुराणामित्येतद्विधेऽस्मिन् संसारे किं कामोपभोगैः ।

अथाप्येतैरुक्तैः किं वातोऽपि स्थिरत्वेन प्रतिपन्नानामन्यानामन्येषामित्येतत्। स्थिरतां न पश्याम इति योजना। यतः शोषणं महार्णवानां प्रलयकाले। अर्णानामिति पाठेऽर्णास्र्यिहन्तीत्यर्णा नद्यस्तासां शोषणं महार्णवानां च शोषणमिति योजनीयम्। शिखरिणां महामेरुप्रभृतीनां गिरीणां प्रपतनमुच्छेदः। ध्रुवस्य सर्वज्योतिश्चक्रावलम्बनस्य प्रचलनं स्वमण्डलात्प्रच्यवनम्। वातरज्जूनां वातमयानां रज्जूनां शिशुमारचक्रबन्धनानां व्रश्चनं छेदनम्। पृथिव्या अपि सप्तद्वीपवत्या निमज्जनमुदकान्तर्लयः। एवं स्थाननाशे तत्स्थानां सुराणां ब्रह्मादीनां तस्मात्तस्मात्स्थानादपसरणमपसर्पणं स्थानभ्रष्टतया क्षीणभोगत्वम्। इतीत्थमेतद्विध एतादृक्प्रकारे सर्वथा नश्वरेऽस्मिन् ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्ते संसारे किं कामोपभोगैरिति व्याख्यातम्।

भोगस्थानानां भोग्यदेहेन्द्रियविषयाणां तद्विशिष्टभोक्तॄणां चानित्यत्वं प्रसाध्य भोगानामपि तत्प्रसाधयति—

यैरेवाशितस्यासकृदिहाऽऽवर्तनं दृश्यते ।

यैरशितस्य भोजितस्य ब्रह्मलोकपर्यन्तेषु स्थानेषु तर्पितस्य पुंस इह मनुष्यलोकेऽसकृन्मुहुरावर्तनमावृत्तिर्दृश्यते तैरनित्यैः कामोपभोगैः किं ममेत्यर्थः। तदनेन प्रबन्धेनानात्मविषयो वरः प्रत्याख्यातोऽनेन चाऽऽत्मज्ञानयोग्यता दर्शिता।

एवं गुरुवैराग्यं विवेकपूर्वकमुपवर्ण्य स्थितो गुरोरनुग्रहदृष्टिमालक्ष्य तत्पादोपसर्पणं विद्योपदेशग्रहणाङ्गं विदधद्गुरुं प्रार्थयते—

इत्युद्धर्तुमर्हसि ।

यतोऽहं निर्विण्णोऽस्म्यतो मामुद्धर्तुमर्हसीत्युक्तवानित्यर्थः। कुत उद्धरणं तदाह—

अन्धोदपानस्थो भेक इवाहमस्मिन् संसारे भगवंस्त्वं नो गतिस्त्वं नो गतिः ।।४।।

।। इति मैत्र्युपनिषदि प्रथमः प्रपाठकः ।।१।।

अन्धोदपानं निरुदकः कूपस्तत्र स्थितो भेको मण्डूक इवास्मिन् यथावर्णिते संसारे स्थितो दुःख्यस्मीत्यस्मादुद्धर्तुमर्हसीत्यर्थः। कोऽप्यन्यस्त्वामुद्धरिष्यतीति मा शङ्किष्ठा इत्याह—भगवंस्त्वं नो गतिस्त्वं नो गतिरिति। अभ्यास आदरार्थोऽध्यायसमाप्तिद्योतनार्थो वा ।।४।।

।। इति श्रीरामतीर्थविरचितायां मैत्र्युपनिषद्दीपिकायां प्रथमः प्रपाठकः ।।१।।

और पुनः हम देखते हैं कि यह सब नश्वर है। जैसे ये [कीड़े-मकोड़े] बिच्छू और मच्छर इत्यादि तथा घास-फूस एवं वनस्पतियाँ उत्पन्न होती हैं और नष्ट हो जाती हैं। अथवा इनसे क्या! [इन की ही बात क्यों की जाये, क्योंकि ये तो छोटी-छोटी चीजें हैं] दूसरे [अर्थात् बड़े-बड़े लोगों के उदाहरण दिये जा सकते हैं, जैसे] अन्य बड़े-बड़े धनुर्धर चक्रवर्ती [हुए] हैं — [उनमें से] कुछ [ये] हैं—सुद्युम्न, भूरिद्युम्न, इन्द्रद्युम्न, कुवलयाश्व, यौवनाश्व, वध्र्यश्व, अश्वपति, शशबिन्दु, हरिश्चन्द्र, अम्बरीश, नहुष[१], शर्याति, ययाति, अनरणि और अक्षसेन इत्यादि। इस [सूची] के अनन्तर मरुत्त और भरत इत्यादि राजागण बन्धुजनों के बहाने बहुत बड़ी लक्ष्मी का परित्याग करके इस लोक से परलोक को चले गये और [फिर] इनकी ही चर्चा से क्या? [अर्थात् मृत्युलोक के प्राणी होने के कारण इनकी मृत्यु तो होनी ही थी]। अन्य गन्धर्व, असुर, यक्ष, राक्षस, भूतगण, पिशाच और तिर्यग्गामी ग्रहों इत्यादि का भी नियन्त्रण हम देखते हैं। इनके [उल्लेख] से ही क्या? बड़े-बड़े समुद्रों का सूख जाना, पर्वतों का पतन, स्थिर वस्तुओं का चलने लगना, वायुनिर्मित रज्जुओं [अर्थात शिशुमारचक्र बन्धन इत्यादि] का कट जाना, [सप्तद्वीपवती इस] वसुधा का प्रलयकाल में। डूब जाना, असुरों का अपने स्थान से हटना इत्यादि। इस प्रकार के इस संसार में कामो- पभोगों से क्या [लाभ] है? इनके द्वारा कुतरे गये प्राणी का इस संसार में बार-बार आवागमन दिखाई देता है। इसलिए आप ही हमारा उद्धार करने में समर्थ हैं। जैसे जलहीन अन्धे कुएँ में पड़े मेढक की स्थिति है, उसी प्रकार मेरी भी इस संसार में [दुःखमयी स्थिति] है, जिससे आप ही हमें निकाल सकते हैं ।।४।।

।। इस प्रकार प्रथम प्रपाठक सम्पन्न हुआ ।।१।।

---

१. नहुष तथा ननक्तु—कुछ हस्तलेखों में नहुष के स्थान पर 'ननक्तु' पाठान्तर भी मिलता है। वैसे विद्वानों ने यहाँ 'ननक्तु' से भी 'नहुष' का ही सन्दर्भ ग्रहण किया है।

अथ द्वितीयः प्रपाठकः

एवं वरान्तरैः प्रलोभ्यमानोऽप्यप्रचलिततया सुपरीक्षितो जिज्ञासुरुपसन्नः शिष्यो न गुरुणोपेक्षणीय इति गुरोः प्रवृत्तिं दर्शयति श्रुतिः—

अथ भगवाञ्शाकायन्यः सुप्रीतस्त्वब्रवीद्राजानम्—

स्पष्टोऽर्थः।

किमब्रवीदिति तदाह—

महाराज बृहद्रथेक्ष्वाकुवंशध्वज! शीघ्रमात्मज्ञः
कृतकृत्यस्त्वं मरुन्नाम्नेति विश्रुतोऽसीति ।।

महाराजेत्यादिशिष्यप्रशंसा वक्ष्यमाणार्थग्रहणयोग्यतां तस्य सूचयितुम् । प्रशस्यमानो हि गुरोः प्रसन्नतां बुद्ध्वा तदुक्तार्थे श्रद्धानतया तमवधारयति। वंशध्वजत्वं तत्ख्यातिकरत्वम्। त्वं शीघ्रमात्मज्ञः संवत्सरवासशुश्रूषादिविलम्बं विना मत्त आत्मज्ञानं प्राप्नोषि यतोऽतः कृतकृत्यस्त्वमिति। इति शब्दोऽग्रेतन इह ज्ञेयः। इति हेतोर्मरुन्नाम्ना मरुतो वायोर्यन्नाम पृषदश्व इति तेन नाम्ना विश्रुतोऽसीति योजना। पृषन्तो महान्तोऽश्वा यस्य रथे भवन्ति स पृषदश्वो वायुः। महाश्वयुक्तरथो हि महान् भवतीति महारथ उच्यते वायुरयमपि तत्पर्यायत्वाद्बृहद्रथ इति ख्यातिमापन्न इत्यर्थः। अथवा जगत्प्राण इति यद्वायोर्नाम तेन नाम्नेदानीं विश्रुतोऽसीति योजना। मत्प्रसादात्त्वं जगदात्मा संवृतोऽसीत्यभिप्रायः।

यदर्थमयमुपसन्नो राजा गुरुं तमात्मानमुपदिशति—

अयं वाव खल्वात्मा ते

ते तवाहं ममेति सङ्घातमनुभवतोऽयं वावायमेवानुभविताऽऽत्मा खलु नात्र संशयः कार्य इत्यर्थः।

कोऽसावनुभवितेति पृच्छति—

यः कतमो भगवा इति

यस्त्वयोक्त आत्मा स कतमो भगवा हे भगवो देहेन्द्रियमनोबुद्धिप्राणानां मध्ये किमन्यतमः किं वा तद्विलक्षणोऽन्य इति प्रश्नार्थः। तत्र सङ्घातविलक्षण एवाऽऽत्मेति गुरुरुत्तरं प्रतिजज्ञ इत्याह श्रुतिः—

तं हो वाचेति ।।१।।

इतिशब्द ऐतिह्यार्थेऽनुवाकसमाप्त्यर्थे वा।।१।।

इसके पश्चात् अतिप्रसन्न भगवान् शाकायन्य राजा [बृहद्रथ] से बोले—'इक्ष्वाकुवंश की पताकास्वरूप हे महाराज बृहद्रथ! तुम तो मरुत् [वायु-महारथी] के नाम से विख्यात हो, शीघ्र ही [तुम] आत्मतत्त्व का ज्ञान प्राप्त करके कृतकृत्य होगे। यह तुम्हारी आत्मा ही है [जो सर्वस्व स्वरूप है] ' [इस पर राजा ने पुनः पूछा] भगवन् कौन-सी आत्मा है? [अभिप्राय यह कि शरीर, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, और प्राण में से ही कोई आत्मा है या इनसे विलक्षण कोई तत्त्व है?]' 'उन [राजा] से [उन शाकायन्य ने] कहा।।१।।

पूर्वमयं वावाऽऽत्मेति जागरितेऽनुभविताऽऽत्मेति प्रदर्शितं तेन च स्थूलशरीरादन्यत्वमुक्तम्। इदानीं सूक्ष्मस्य प्राणान्तःकरणसङ्घातस्य द्रष्टृत्वशङ्कापाकरणेन ततो विविक्तमात्मानमुपदिशति—

अथ य एष उच्छ्वासाविष्टम्भनेनोर्ध्वमुत्क्रान्तो
[1]व्ययमानोऽव्ययमानस्तमः प्रणुदत्येष आत्मा ।।

१. 'व्ययमानोऽव्ययमानः' के स्थान पर कुछ हस्तलेखों में 'व्यथमानोऽव्यथमानः पाठान्तर भी है। इसमें से एक को 'अव्ययमानः' और दूसरे को 'अव्यथमान' मान लेने से सन्दर्भ की सङ्गति अच्छी तरह बैठ जाती है। टीकाकार रामतीर्थ ने 'व्ययमानोऽव्ययमानः' पाठ ही माना है। उनकी व्याख्या इस प्रकार है—'विविधमयमानो नानावासनावासितान्तःकरणविकाराननुभवँस्तत्तदात्मना विप्रसृत इव भासमानोऽपि परमार्थतो निश्चल एव—'अभिप्राय यह कि आत्मा यद्यपि ऊपर से अनेक संस्कारों से ग्रस्त होने के कारण उस प्रकार की प्रतीत अवश्य होती है, लेकिन वास्तव में वह स्थिर स्वरूपवाली ही है। इस पूरे अनुवाक की ही दो-दो व्याख्याएँ रामतीर्थ ने की हैं। इस व्याख्या पर वेदान्त के परवर्ती ग्रन्थों और ग्रन्थकारों का निश्चित ही विशेष प्रभाव है।

अथ जाग्रद्भोगहेतुकर्मोपरमानन्तरं स्वप्नभोगोद्भवकाले य एष विद्वत्प्रत्यक्ष उच्छ्वासस्योच्छ्वासनिश्वासव्यापारवतः प्राणस्याविष्टम्भनेनानिरोधेनोर्ध्वमुपरि स्थूलाश्रयं सूक्ष्ममूर्ध्वमुपरीति चोच्यते तत्रत्युत्क्रान्तः स्थूलशरीराभिमानं परित्यज्य सूक्ष्मशरीरमभिमन्यमान इत्यर्थः। व्ययमानो विविधमयमानो नानावासनावासितान्तःकरणविकाराननुभवंस्तत्तदात्मना विप्रसृत इव भासमानोऽपि परमार्थतोऽव्ययमानो निश्चल एव संस्तमो मोहलक्षणं प्रणुदति प्रेरयति पश्चात्क्रमेण मोहमाविशति जाग्रद्दृष्टं नानुसन्धत्त इत्यर्थः। एष आत्मा यः स्वप्ने करणानामुपरमाद्बाह्यान् विषयाननुभवन् वासनामयांश्चानुभवन् प्राणेन स्थूलं च देहं परिपालयन्नास्त एष आत्मेत्यर्थः। तथा श्रुत्यन्तरम्—

प्राणेन रक्षन्नवरं कुलायं बहिष्कुलायादमृतश्चरित्वा।
स ईयतेऽमृतो यत्र कामं हिरण्मयः पुरुष एकहंसः'' ।।
(बृहदा०अ० ४ ब्रा० ३) इति।

उक्तेऽस्मिन्नात्मनि प्रत्ययदार्ढ्याय वृद्धसम्मतिमाह—

इत्याह भगवान् मैत्रिः।

मैत्रिर्मित्राया अपत्यमृषिर्मैत्रिर्मैत्रेयः।

वृत्तमर्थं श्रुतिः स्वमुखेनाऽऽह—

इत्येवं ह्याह।

शाकायन्य इत्याह भगवान् मैत्रिरित्येवं हि राजानं प्रत्याहेत्यर्थः।

